**खबर संक्षेप**

## मीसाबंदी भाजपा की है धरोहर : जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा



### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने मनाया लोकतंत्र काला दिवस

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 25 जून 1975 को देश में लागू आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को लोकतंत्र का काला दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में संविधान हत्या दिवस के तहत मीसाबंदी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मीसाबंदी सुभाष चौरसिया (प्रदेश उपाध्यक्ष, मीसाबंदी संघ), भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, मीसाबंदी बालकिशन खंडेलवाल, सवाल दास पमनानी, शीला जैन (स्व. कस्तूरचंद जैन की पत्नी) और भारत कछवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मीसाबंदी स्व. कस्तूरचंद जैन की पत्नी शीला देवी जैन ने अपने पति को जेल में लिखी भावुक चिट्ठियां दिखाएं, जिन्हें जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पढ़कर सुनाया। शीला देवी ने आपातकाल के दौरान की कठिनाइयों को साझा किया। मीसाबंदी बालकिशन खंडेलवाल द्वारा लिखित पत्रिका आपातकाल 1975: सलाखों में काले दिन का विमोचन भी किया गया। बालकिशन खंडेलवाल और सवाल दास पमनानी ने भी आपातकाल के अपने अनुभव सुनाए। साथ ही लघु फिल्म के माध्यम से वास्तविकता लोगों को बताई गई। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनके संघर्ष और बलिदान के कारण देश में पुनः लोकतंत्र स्थापित हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया और कहा कि मोदी सरकार संविधान के हर अनुच्छेद को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए तोड़ा-मोड़ा, जबकि मोदी सरकार इसे आधार बनाकर हर वर्ग के कल्याण की गारंटी दे रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा, ²मीसाबंदी भाजपा की अनमोल धरोहर हैं। उनके त्याग और तपस्या के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उनका और उनके परिजनों का सम्मान हमारा नैतिक दायित्व है।

## वैश्य महासम्मेलन द्वारा मनाया गया सेवा दिवस



**मण्डला।** वैश्य महासम्मेलन मंडला जिला इकाई द्वारा 25 जून को माननीय उमाशंकर गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री मध्यप्रदेश शासन जिन्हें शिरोमणि संरक्षक की उपाधि से नवाजा गया। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पूरे प्रदेश में संगठन के सदस्यों के द्वारा ²सेवा दिवस² के रूप मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मंडला जिला इकाई के सदस्यों के द्वारा मंडला नगर के महिष्मति घाट में वृद्धाश्रम में सभी सम्माननीय वृद्धों को फलों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। आज के कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष अशोक गोयल, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रंजीत कछवाहा, जिला संगठन मंत्री अखिलेश सोनी, जिला मंत्री इंद्रेश (बब्बल) खरया, नरेश कछवाहा, ओमप्रकाश, अशोक सोनी, बृजेश चौरसिया, गजेंद्र गुप्ता, महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल जिला महामंत्री अनीता राय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों से 200 मीटर की दूरी तक नहीं बिक पाएंगे तंबाकू गुटका

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत सभी स्कूलों एवं बच्चों के स्वास्थ्य के हित के लिए विकासखंड शिक्षा समिति ने बैठक ली जिसमें सभी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देशित किया गया है की सत्र प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य में अधिक प्रभाव तंबाकू गुटका एवं पाऊच जोकि जोकि स्कूलों के आसपास पान के ठेले में तंबाकू गुटखा बेचा जा रहा है जिससे बच्चों को शरीर पर गलत प्रभाव होता है शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं बीआरसी कमलेश भवेदी ने सभी शिक्षकों को कहा कि अपने-अपने स्कूल के आसपास 200 मीटर की दूरी में पान के ठेले में या किराना दुकानों में जो तंबाकू के गुटके बिक रहे हैं उन पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### आज का फलता-फूलता लोकतंत्र आपातकाल के संघर्ष का परिणाम है - मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

# योजना भवन में संविधान हत्या दिवस पर मीसाबंदियों का सम्मान किया गया

**मण्डला।**







योजना भवन में 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस आयोजित कर इमरजेंसी की विभीषिका के विषय में लोगों को जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वर्ष 1975 के मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए 25 जून 1975 को देश पर इमरजेंसी थोपी इसके बाद विपक्ष के नेताओं को जबरन जेलों में डाला गया। आज का फलता-फूलता लोकतंत्र आपातकाल के संघर्ष का परिणाम है। मीसाबंदियों पर जेलों में अत्याचार किए गए। आपातकाल की इस विभीषिका को लोग जानें और समझें इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में लोकतंत्र हत्या दिवस आयोजित कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सेनानियों ने इमरजेंसी के दौरान किए गए अत्याचारों के सामने घुटने नहीं टेके और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संघर्ष किया, जिसका परिणाम था कि 1977 के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। आज हमें उन लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करने का अवसर मिला है उन्होंने इस देश के महान लोकतंत्र का बचाने के लिए जेल तक जाना स्वीकार किया था। आज लघु फिल्म के माध्यम से इमरजेंसी की वास्तविकता लोगों को बताई गई। ऐसी लघु फिल्मों का प्रदर्शन हमें समाज के सामने करना चाहिए जिससे लोग लोकतंत्र के उस काले अध्याय के बारे में जान सकें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। यह समय देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा। मीसाबंदियों ने इस दौरान जिस तरह के अत्याचार का सामना किया उसकी कल्पना ही हमें डरा देती है। मीसाबंदी श्री बालकिशन खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन कोई उत्सव का दिन नहीं है यह निंदा का दिन है। आपातकाल के समय हमने बिना किसी अपराध के जेल में समय गुजारा, मंडला से हमें नरसिंहपुर और जबलपुर के जेलों में रखा गया। आज का दिन विरोधियों को कुचलने वालों की निंदा करने का दिन है। शहर के एक अन्य मीसाबंदी श्री सावलदास पमनानी ने कहा कि आज इतने वर्षों बाद भी जब हम इमरजेंसी के समय को याद करते हैं तो हमारे द्वारा सही गई यातनाओं की याद आती है। उस समय हम पर मिथ्या आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया था। अपनी बात कहने या पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान आपातकाल के समय संघर्ष करने के लिए सावलदास पमनानी, बालकिशन खंडेलवाल, प्रकाशचंद जैन, राजकुमार चंद्रौल का साल तथा श्रीफल देकर सम्मान किया गया। साथ ही स्वर्गीय मीसाबंदियों के परिजनों श्रीमती गायत्री यादव, दीपक शर्मा, मोहम्मद समीम को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, वरिष्ठ समाजसेवी रोचीराम गुरवानी सहित संबंधित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने की तैयारियां रखें - कमिश्नर

## वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश



**मण्डला।** कमिश्नर जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स की वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारी रखें, साथ ही मानसून के दौरान होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए मेडिकल की टीमें गठित रखें। बैठक में आरसीएमएस के प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, सीपी ग्राम, सीएम हेल्पलाइन, विभागीय जांच, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, मानक खाद-बीज एवं गुणवत्ता नियंत्रण, कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक की तैयारी, एसटीएससी छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरण, सीएम मानिट/ सीएस मानिट प्रकरणों के निराकरण, समग्र ई-केवायसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा लेबर बजट तथा जल गंगा संवर्धन सहित अन्य विषयों पर जिलावार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। मण्डला एनआईसी कक्ष से समीक्षा बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

# आधार सेंटर न होने से परेशान हो रही जनता

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में आधार सेंटर न होने के कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्हें नारायणगंज से 40 किलोमीटर दूर मंडला में जाकर आधार कार्ड सुधार एवं बनाया जा रहा है जिससे लोगों को अपने काम धंधे छोड़कर मंडला जाकर लोग आधार कार्ड बनवा रहे हैं उसमें भी लाइन लगाना पड़ता है घंटों इंतजार के बाद लोगों को आधार कार्ड सुधारने एवं आधार संबंधी काम होते हैं कई बार तो लोगों का नंबर नहीं लग पाता इस कारण उन्हें वापस अपने घर आते हैं नारायणगंज के आसपास क्षेत्र से लोग मंडला जाकर आधार कार्ड बनवाना पड़ रहा है जिससे कई गांव में से मंडल की दूरी करीब 60 से 70 किलोमीटर पड़ती है क्योंकि नारायणगंज से डुब क्षेत्र पाठा चुटका घोट खेड़ा मानेगांव खमरिया सिगौधा ऐसे कई गांव है जहां पर लोगों को आने में 20 से 30 किलोमीटर सफर करना पड़ता है इसके बाद नारायणगंज से मंडला जाने में समय लगता है जिससे पूरा दिन ख़राब होने के बाद भी लोगों को आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं नारायणगंज में आधार सेंटर न होने के कारण लोगों को इन दोनों बहुत दूरी का सामना करना पड़ रहा है शिक्षा सत्र चालू हो गया है जिसमें लोगों को आधार कार्ड सुधारने के लिए दर-दर भटक रहे हैं एवं अपने साथ छोटे-छोटे बच्चों को ले जाना पड़ता है अतः संबंधित अधिकारी एवं जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि शीघ्र ही नारायणगंज में आधार सेंटर खोला जावे जिससे लोगों को परेशानी जो हो रही है वह दूर हो सके छोटे-छोटे बच्चों को लेकर सुबह से लोग मंडला जा रहे हैं इसके बाद भी लोगों को आधार कार्ड नहीं बनते।

AADHAAR
Mera Aadhaar, Meri Pahchaan
आधार सेवा केंद्र
AADHAAR SEVA KENDRA

### बंद ऋतु में विभागीय दल द्वारा जप्ती की कार्यवाही

**मण्डला।** 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, जिसमें मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन आदि प्रतिबंधित है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि बंद ऋतु में अवैधानिक मत्स्याखेट मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन आदि की निगरानी एवं चैकिंग हेतु विभागीय दल गठित किया गया है। 24 जून 2025 को विभागीय अमले द्वारा रामनगर बाजार एवं अंजनिया बाजार में अवैधानिक मत्स्याखेट की जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 40 किग्रा मछली जप्त की गई तथा मछली की नीलामी कर 1600 रूपए राशि शासन के मद में जमा किया गया है। विभागीय निरीक्षण दल में सहायक संचालक मत्स्योद्योग एलएस सैयाम, सहायक मत्स्य अधिकारी एचके भगत, सहायक मत्स्य अधिकारी आरआर धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक पीआर वैद्य तथा संजय वरकडे, चमरालाल भारतीया उपस्थित थे।

## रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर और संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**भुआबिछिया।**

वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती शोध संस्थान जबलपुर एवं समाजसेवी डॉक्टर विजय आनंद मरावी एवं उनकी टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम डॉ. विजय आनंद मरावी द्वारा रक्तदान किया गया इसके पश्चात नगर और आसपास के क्षेत्र के कई लोगों ने रक्तदान किया ।




बिछिया स्थित शिवहरे कॉम्प्लेक्स में वीरांगना रानी दुर्गावती जी के 461वे बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम रानी दुर्गावती जी के तैल चित्र में तिलक वंदन कर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का परिचय एवं स्वागत हुआ तत्पश्चात कार्यक्रम को शुरू किया गया । अपने उद्बोधन में डॉक्टर विजय आनंद मरावी ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने देश की रक्षा के लिए कई युद्ध लड़े और अपने अदम्य साहस और वीरता से विदेशी आक्रांताओं को युद्ध में हराया देश की रक्षा की खातिर उन्होंने अपना बलिदान दिया ।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नप अध्यक्ष रजनी मरावी, पार्षद पूनम रजक, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, वरिष्ठ पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, राजदीप तिवारी, अमित राजपूत, वीरेंद्र अग्निहोत्री, जगदीश कुर्वेती, सुरेश साहू,प्रदीप झरिया, वंश श्रीवास, दीपक पांडेय, बाबा गुप्ता, अमित कुमार श्रीवास, गोपेश (टीटू) चौहान, राजेश उइके, सक्षम श्रीवास्तव, विवेक सिंगर, नरेंद्र धुर्वे, प्रकाश साहू, मिंटू ठाकुर, रजनी मरावी, मयंक जोध, सुमित रजक, दीपक कटारे, राजेंद्र यादव, विवेक पांडे, शोभित रावत सहित कई नागरिक उपस्थित रहे ।



## बीजा अंकुर के कार्यक्रम का शुभारंभ

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के कुंभा किकरिया टेकरी में बीजा अंकुर कार्यक्रम का शुभारंभ 25 अगस्त दिन बुधवार को किया गया जिसमें पहाड़ों एवं खेतों में बीज लगाए गए यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार किया गया है अभी तो जनपद क्षेत्र के बाद हर गांव और पंचायत में बीजाअंकुर का कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें जगह-जगह वीजा अंकुर किए जाएंगे इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र बरकड़े जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय अध्यक्ष नारायणगंज धर्म सिंह बरकड़े जनपद सदस्य सरपंच अखिलेश मरावी उपसरपंच गंगाराम यादव एसडीओ रमाकांत मसराम सहायक यंत्री पंचायत इंस्पेक्टर रम्मू सिंह मरावी इंजीनियर उपासना बघेल सचिव दीपचंद साहू रोजगार सहायक नितिन बर्मन एवं पंचायत के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही

## लोकतंत्र का काला दिवसः विधायक अभिलाष पांडे ने भाजपा कार्यालय में की प्रेसवार्ता

### कहा नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखना

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 25 जून 1975 को देश में लागू आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र का काला दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह और सरदार पटेल कॉलेज में परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में जबलपुर मध्य विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 50 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने की लालसा में आपातकाल थोपा, जो भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को ताक पर रखकर प्रेस की स्वतंत्रता छीनी, न्यायपालिका को बाध्य किया और लाखों लोगों को बिना कारण जेल में डाला। डॉ. पांडे ने कहा कि आपातकाल का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखना था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो संविधान को मानती थी और न ही बाबा साहब अम्बेडकर को, जिन्हें भंडारा में चुनाव हराने का प्रयास किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सुभाष चौरसिया और राजेश जैन उपस्थित रहे।



# विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज में आपातकाल विषय पर हुई परिचर्चा





**मण्डला।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी में संविधान हत्या दिवस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आपातकाल कब क्यों और कैसे विषय पर परिचर्चा का आयोजन डॉ अभिलाष पांडे विधायक उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ट आतिथ्य प्रफुल्ल मिश्रा अध्यक्ष भाजपा मंडला ,जयदत्त झा सांसद प्रतिनिधि रानू राजपूत नगर अध्यक्ष मंडला आशीष झरिया युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि सोनवानी एवं डॉ आशीष ज्योतिषी प्राचार्य विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सरदार पटेल और मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आशीष ज्योतिषी ने आपातकाल की भूमिका रखते हुए बताया कि गृह मंत्रालय की दिनांक 11 जुलाई 2024 की अधिसूचना 25 जून के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष 25 जून को राष्ट्र में आपातकाल लागू होने की 50 वीं वर्षगांठ मनाया जाना है इसके चलते आज महाविद्यालय में आपातकाल कब क्यों और कैसे विषय पर परिचर्चा रखी गई है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज का दिन इतिहास का काला दिन है 1975 में इसी दिन नागरिक स्वतंत्रता का व्यापक निलंबन संवैधानिक सुरक्षा उपायों का क्षरण और कार्यकारी शक्ति का केंद्रीयकरण देखा गया। इस दिन से 21 महीनों तक मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया। आज की पीढ़ी को देश के इस दौर को जानने की आवश्यकता है ।मुख्य अतिथि विधायक अभिलाष पांडे ने कहा की आज के दिन को याद करते ही रूह कांप जाती है कैसा रहा होगा वो दौर जो अकल्पनीय है जिसे हमारे देश ने देखा है वैसे तो 2 बार और आपातकाल लगा पर यह आपातकाल नैतिक मूल्यों के विपरीत था आज का दिन न केवल यह विभीषिका को स्मरण करने का अवसर है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता के प्रति नई प्रतिबद्धता का भी अवसर है उन्होंने छात्र छात्राओं को आपातकाल कब क्यों और कैसे लगा कि विस्तार से जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह देकर अभिलाष पांडे जी का सम्मान किया गया मंच संचालन और आभार जयदत्त झा ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ और अधिक संख्या में छात्र छात्राओं ने सहभागिता दर्ज की।

**खबर संक्षेप**

## सांझा चूल्हा कार्यक्रम ने गांवों में तोड़ा दम, बच्चे खिचड़ी के भरोसे चला रहे अपना काम



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** साझा चूल्हा पोषण आहार कार्यक्रम यहॉ एक औपचारिकता बन कर रह गया है। वही क्षेत्र के कई गॉवों में इस योजना ने दम तोड दिया है? गांवों में जाकर देखा जावे तो वहां पर न तो मीनू के अनुसार भोजन तैयार हा रहा है और न ही बच्चों को दिया जा रहा है और न ही साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है? सरकार ने ग्रामीण स्कूलों के बच्चों और महिला एवं बाल विकास विभाग की ऑंगनवाड़ियों के बच्चों के लिए एक ही चूल्हे पर ताजा और पौष्टिक आहार देने की योजना को लागू तो किया गया है। किन्तु योजना का समुचित लाभ बच्चों को नही मिल रहा है, योजना के सफल कार्यान्वयन में ग्रामीणों की उदासीनता भी चिंता का विषय बन गई है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो पंचायतों के प्रमुख माने जाने वाले सरपंच और सचिव भी अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति जागरूक नजर नही आ रहे है? स्कूली बच्चों के लिए दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को लेकर भी ग्रामीणों की आये दिन शिकायते है कि साझा चूल्हा योजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश है, किन्तु समूहों की महिलाओं के पतियों ने इसे व्यवसाय का माध्यम बना लिया है, जो मीनू का समुचित पालन ही नही हो रहा है? यही नही क्षेत्र के कई गॉवों में विभागीय सॉठ गॉठ के चलतें योजना कागजों में चल रही है और उनका भुगतान भी समूह ले रहे है? जन चर्चाओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार मध्यान्ह भोजन में मंगलवार को पुरी पुलाव के साथ खीर एवं आलू टमाटर की सब्जी व शनिवार को रोटी चावल के साथ मूँग की दाल, राजमा, टमाटर की सब्जी परोसने का प्रावधान है? किन्तु हो यह रहा है कि समूह इनका पालन नही कर पा रहे है, गुणवत्ता पर भी ऊॅगलियॉ उठ रही है, सरकार ने समूहों को स्वच्छता रखने के लिए साबुन पानी की बाल्टियॉ, तौलिए, रसोई किट आदि उपलब्ध कराए है। किन्तु इनका उपयोंग समूहों के परिजन कर रहे है।

## क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध रूप से पशुओं की तस्करी, प्रशासन मौन

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है। जिसमें बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते है। जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं। उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं और इन दलालों की बातों में आकर पशु मालिकों का भी लोभ लग जाता है और यह बाजारों में उन पशुओं को लाते हैं और दलालों के माध्यम से बाजार के बाहर ही पशुओं को बेच कर चले जाते हैं। इस बात की सच्चाई का उदाहरण विगत वर्षो में सांईखेड़ा, चीचली व गाडरवारा थाने के अंतर्गत अवैद्य रूप से पशु ले जाने वालों को पकड़कर पुलिस ने सिद्ध कर दिया था। मगर वर्तमान समय में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इस प्रकार के पशु तस्कारों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है?

## सालीचौका में एसबीआई सहित अन्य बैक शाखाओं के स्थापना की उठाई जा रही मांग

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है जिसके लिए कुछ राष्ट्रीयकृत बैकों को शामिल किया गया है।

# ग्यारह साल पहले दो बार लोकार्पित होने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया लाखों की लागत से बना हुआ तहसील कार्यालय, इंतजार करते खंडहर का रूप करने लगा धारण












**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां नगर में लगातार विकास की गति होने के कारण शहर में लोगों को अन्य सुविधाएं प्राप्त हो रही है तथा शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर में चारो ओर शासकीय भवनों का मानो तो जाल ही बिछ चुका है। मगर इसके बाद भी अनेक शासकीय कार्यालय पुराने जमाने के खपरों वाले भवनों में संचालित होते हुये देखे रहे है। जबकि जिन कार्यालयों के नाम पर सरकार द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुए भवनों का निर्माण कराया गया था। मगर वह भवन अन्य दूसरें कार्यो में उपयोग करते हुए इन शासकीय भवनों की उपयोगिता ही समाप्त होने से नही चूक पा रही है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के बी.टी.आई स्कूल के पीछे बने हुए तहसील कार्यालय की देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि शासन द्वारा क्षेत्र के लोगों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने के उद्वेश्य से लगभग 10 वर्ष पहले नगर में नये तहसील भवन का निर्माण उस समय लगभग 30 लाख रूपया की लागत से शासकीय खाली पड़ी हुई भूमि पर कराया गया था और इस भवन के निर्मित होने से लोगों को उम्मीद थी कि शायद अब इस नये भवन के निर्माण होने के बाद उन्हें अच्छी सुविधाएं मिलना शुरू हो जावेगी। मगर बिडम्बना की बात है कि इस नव निर्मित तहसील कार्यालय भवन का दो बार लोकापर्ण होने के बाद भी आज तक इस भवन में तहसील कार्यालय शुरू नही हो पाया है और आज भी वर्षो पुराने खपरों वाले खस्ता हाल भवन में तहसील कार्यालय संचालित होते हुये देखा जा रहा है। जबकि तहसील कार्यालय के नाम पर लाखों की लागत से बने हुए इस भवन में अन्य दूसरे कार्य संपादित होते हुये देखे जा रहे है। जिसके चलते इतने बड़े भवन में छोटे मोटे कार्य संपादित होने की स्थिति में इस भवन का अन्य शेष भाग खंडहर में तब्दील होते हुए दिखाई देने लगा है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से भवन के अंदर फैली हुई गंदगी तथा खाली पड़ी हुई शराब की बोतले भवन के अंदर संचालित होने वाली सच्चाई को उजागर करने से भी नही चूक रही है..? यदि नवनिर्मित इस भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लगभग आज से ग्यारह साल पहले इस भवन का लोकापर्ण तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी पी एन यादव व तहसीलदार भुवन गुप्ता द्वारा भगवान सत्य नारायण के कथा कराते हुए 3 मई 2013 किया गया था। इस तरह इन अधिकारियों द्वारा इस भवन का लोकापर्ण सत्य नारायण भगवान की कथा के साथ किया गया था तो लोगों ने इसकी काफी सराहना इस बात को लेकर की गई थी कि नगर के इतिहास में शायद ऐसा पहला कोई शासकीय कार्यालय होगा जिसमें अधिकारियों द्वारा शासन के धन को फालतू खर्च न करते हुए हमारे देशी हिन्दू रीति रिवाज के तहत भगवान सत्य नारायण की कथा के साथ किया गया हो..? मगर कहा जाता है कि जब कोई शासकीय अधिकारी अपने स्तर से कही पर कोई कार्य करता है तो शायद वहां के नेताओं के लिए तकलीफ होने लगती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस भवन के लोकापर्ण के साथ भी देखने मिली थी। जिसके चलते इस भवन का दोबारा नेताओं के मुख्य आतिथ्य मे लोकापर्ण कराया गया। क्योंकि नेताओ की चाहत होती है कि जब तक किसी शासकीय भवन में उनके नाम का पत्थर लगने के साथ जनता की राशि की फूल मालाओं के नाम में फिजूली खर्च नही हो जाता है तब तक वह कार्य पूर्ण नही माना जाता है और शायद इसी सोच के चलते भगवान सत्य नारायण की कथा के साथ हुए इस शासकीय भवन के लोकापर्ण को दर किनार करते हुए इस भवन का दोबारा लोकापर्ण कराने की स्थिति निर्मित हुई थी..? जिसके चलते उस समय इस नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का दोबारा लोकापर्ण चंद दिनों उपरांत यानि की 16 मई 2013 को जिले के तत्कालीन जिला प्रभारी व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता के मुख्य अतितिथ्य व तत्कालीन अपेक्स बैंक भोपाल के उपाध्यक्ष कैलाश सोनी तथा तत्कालीन जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमति देवकुंर बाई परिहार की गरिमामय उपस्थिति पुनः लोकार्पण किया गया था। इस तरह दो बार लोकार्पित हो चुके इस भवन में इसके बाद भी तहसील कार्यालय का शुभारंभ नही हो पाया और खंडहर में तब्दील होने की कगार पर पहुंचाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है...? वर्तमान समय में देखा जावे तो दो बार लोकार्पित हो चुके इस भवन में जहां पर अन्य प्रकार के कार्य संपादित हो रहे है और भवन भी अब खंडहर का रूप धारण करते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? इस प्रकार से एक ही भवन का दो बार लोकापर्ण कार्यक्रम होना जहां पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था...? वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी कि अब इस भवन में नेताओं के नाम का पत्थर भी लग चुका है कि अब इसमें तहसील कार्यालय को संचालन होना शुरू हो जावेगा। मगर इस सच्चाई को आज लगभग 11 वर्ष से भी अधिक का समय बीते जाने के बाद भी जहां क्षेत्र की तहसील कार्यालय उसे वर्षो पुरान खपरा वाले भवन में संचालित होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर तहसील कार्यालय के नाम से लाखों रूपया की लागत से बना हुआ तहसील कार्यालय में अन्य प्रकार के कार्य संपादित होने के कारण यह भवन पूर्णरूप से खंडहर में तब्दील होते हुये चला जा रहा है। क्योंकि भवन के अंदर जिस तरह शराब की खाली शीशी से लेकर अन्य प्रकार की गंदगी का साम्राज्य देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर से इस भवन में होने वाली कारगुारियों को उजागर करने से नही चूक रहा है।



## नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राम नांदनेर गाडरवारा पिपरिया मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के कारण यहां से सभी प्रकार के वाहनों का निकलना होता है, वही यहां पर अपनी यात्रा करने के लिए इस मार्ग से चलने वाली बसों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम झांझनखेड़ा, मिढ़वानी, देवरी, दहलवाड़ा, छोटी बनखेड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों का आना जाना भी रहता है। मगर यात्री प्रतीक्षालय न होने से उन्हे जहां बारिश के दिनों में गिरते हुये पानी तो गर्मी के दिनों में तेज तपती हुई धूप में खड़े होकर बसो का इंतजार करने मजबूर होना पड़ता है वही चाय पान दुकानों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो सबसे अधिक परेशानी का सामना तो महिला यात्रियों के साथ मरीजों को करना पड़ती है। क्योंकि बैठने की व्यवस्था नही होने से जहां बसों के इंतजार में मरीजों को काफी समय तक खडे रहना पड़ता है। वही सड़क किनारे खड़े होने से महिलायात्रियों को असामाजिक तत्वों के छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होना पड़ता है? इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों के साथ साथ आस पास के ग्रामवासियों द्वारा बस यात्रियों की परेशानी के मद्देनजर नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण की दिशा में पहल करने के क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी है।

## बसेडिया की समाज सेवा के क्षेत्र में अनूठी पहल: गुड़ चना युक्त प्याऊ का शरबत वितरण के साथ किया गया समापन, दो माह तक आमजन को मिलता रहा ठंडा जल









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस व्यक्ति में समाज सेवा करने का जूनन सबार होता है वह भले ही अनेक प्रकार की परेशारियों से जूझता रहे मगर दूसरों के लिये अपने जेब से पैसा खर्च करते हुये बगैर दिखावे के सदा ही लगा रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समाजसेवी मुकेश बसेड़यि में देखने मिल रही है जिनके द्वारा जहां गरीबों की सेवा करने के लिये पहुंच विहीन मार्गो पर अपनी मोटर साईकिल मे कपड़ो सहित खाने पीने की सामग्री लेकर जंगल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें तेज गर्मी का मौसम हो या फिर ठंड का सामग्री पहुंचाने में कसर नही छोड़ते है तो दूसरी ओर जब नगर में आम लोगों के लिये यदि शासन प्रशासन का हो या फिर किसी निजी संस्था का कैम्प अपना योगदान देने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गर्मी के दिनों में उस समय देखने मिली जब नगर में भीषण गर्मी के दौरान जब लोग नगर में ठंडे पानी के लिये तरसते हुये देखे जा रहे थे उस दौरान समाज सेवी मुकेश बसेडिया द्वारा सत्तू अमावस्या के पावन अवसर पर नगर के उत्सव भवन के पास रेवाश्री वुक्स के सामने चना गुड युक्त प्याऊ का शुभारंभ बडे ही धूमधाम के साथ सत्तू वितरण करते हुये किया गया था। इतना ही नही यहां पर रखे गये ठंडे मटको में पानी भरने से लेकर डिब्बो में रखे हुये गुड चुना की व्यवस्था बनाने के लिये खुद सुबह 9 बजे प्रतिदिन चिंता के साथ प्याऊ स्थल पर खड़े हुये देखे जाते थें। इस प्रकार से नगर के इतिहास में बीते हुये कई सालों से गुड चुना युक्त प्याऊ संपूर्ण जिले में चर्चा का विषय बन चुकी थी तो दूसरी ओर इस तरह की प्याऊ को लेकर बसेडिया का कहना था कि जब भीषण सूरज के तबन के बीच कोई व्यक्ति प्यास से ब्याकुल होता है और ठंडा पानी पीता है तो उसके पेट में दर्द होने की स्थिति बन जाती है। इसी सोच के चलते प्याऊ स्थल पर गुड चना रखे गये है कि पहले प्यास व्यक्ति गुड चना का सेवन करे और ठंडा पानी पीये। क्योंकि भूखे को भोजन व प्यासे को पानी पिलाना शास्त्रों में सर्व श्रेष्ण सेवा मानी गई है। मगर इसके बाद देखा कि जब लोगों को ठंड पानी की जरूरत महसूस नही हो रही है तो उनके द्वारा इस अनोखी प्याऊ का समापन भी लोगों का मुंह मीठा करते हुये पूर्ण विधि विधान के साथ किया गया है। इस तरह सतुबाई अमावस्या से शुरू हुई इस प्याऊ का समापन बुधवार को हलहरिणी अमावस्या के पावन अवसर पर शरबद का वितरण करते हुये किया गया। इस मौके पर सबसे पहले पं. भवानी शास्त्री ने माँ विजयासन व वरुण देवता का विधिवत पूजन अर्चन किया। वही बसेड़यि ने परंपरा अनुसार कन्याओं के पद पखार कर उन्हें शिक्षण सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया व वृद्ध व दिव्यांगजनो को मच्छरदानी प्रदान करने के साथ जल सेवा में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को वस्त्र, रुमाल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण तिवारी, मूल चंद पटेल, प्रवीण व्यास, राजेश पचौरी, प्रदीप कौरव, रजनीश कौरव,सुरेंद्र गोहल, पं. अमित चौबे, लोक सेवा के प्रंबधक नीरज कौरव, राहुल सिंह राजपूत, यागेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस तरह विगत दो माह से दो स्थानों रेवाश्री बुक्स के सामने तथा लोक सेवा केंद्र में जल सेवा व गुडचना को नियमित रखने वाली माँ विजयासन इंस्टीट्यूट की बेटियां के साथ तनुश्री बसेड़यि, जल सेवक घनश्याम, सुनील, संतोष, भारत भूषण तिवारी, नीरज कौरव आदि को भी सम्मानित किया वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अतिथियों ने बसेडिया द्वारा कि जा रही समाजसेवा की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सेवा कार्य को प्रारंभ करना सरल है पर अनेक वर्षों तक अनवरत संचालन करना अनुकरणीय होता है। वही बसेडिया ने बताया कि हमने ही 2014 में मां विजयासन इंस्टिट्यूट में इस गुड़ चना युक्त प्याऊ का प्रथम बार शुभारंभ किया था। ज्ञात हो कि बीते हुये विगत दो माह से जल सेवा व गुड चना को नियमित रखने वाली माँ विजयासन इंस्टीट्यूट की बेटियां सहित जल सेवा में सहयोगी रहे को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 2014 से प्रतिवर्ष वैशाख माह की सतुआई अमावश्या से गुड चना के साथ हलहरिणी अमावस्या तक गुड़ चना युक्त जल सेवा तक दो माह भीषण गर्मी अनवरत चलती है ,जहाँ राहगीरों के अलावा आस पास डॉक्टर्स क्लिनिक होने मरीजो व रविवार में आदिवासी जो बाजार करने आते है उनके लिए गुड़ चना युक्त जल सेवा विशेष उपयोगी रहती है। इस मौके पर बसेडिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ विजयासन व श्री दादाजी की असीम कृपा से सभी सेवाकार्य संचालित होते है ,हम तो निमित्त मात्र है।

# कहां गायब हो गई कुछ साल पहले शुरू की गई ग्रेन बैंक की योजना

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाओं का शुभारंभ तो किया जाता है। मगर अधिकांश योजनाएं मात्र औपचारिकता तक ही सीमित होकर रहे जाती है..? कुछ इसी प्रकार से कुछ वर्ष पहले शुभारंभ हुई ग्रेन बैक योजना का हाल जान पड़ रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये कुछ वर्ष पहले यानि की 9 मई 2013 को समीपस्थ सांईखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली खैरी में जिला प्रशासन का नवाचार ग्रेन बैंक अनाज कोष का शुभारंभ तत्कालीन जिला कलेक्टर संजीव सिंह, तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ दीपक सक्सेना व तत्कालीन जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पारथ सिंह गूजर की उपस्थिति में बडे ही जोर शोर के साथ शुभारंभ किया गया था। वही इसको लेकर बताया गया था कि इस ग्रेन बैंक अनाज कोष की स्थापना किये जाने का उददेश्य ग्राम पंचायतों को ग्राम के लोगों के छोटे-छोटे सहयोग से स्वालम्बी बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है जिसमें लोग जनभागीदारी के रूप में स्वैच्छिक दान अनाज के रूप में ग्रेन बैंक को प्रदान करेगें, जिससे ग्राम का विकास होगा। वही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उस समय जानकारी देते हुए तत्कालीन जिला कलेक्टर संजीव सिंह ने कहा था कि हमारे प्रदेश में ग्रेन बैंक कई जिलों में खोले जा रहे है, ग्रेन बैंक खोले जाने के पीछे मूल रूप से जनभागीदारी की भावना है। वही कई ग्रामों में जनभागीदारी की भावना से गांव की सरंचनाओं को बहुत ही खूबसूरती से सवांरा गया है, गांव के लोगों के द्वारा जो स्वैच्छिक दान अनाज के रूप में प्राप्त होगा उसे राशि में कर्न्वट कर जो राशि प्राप्त होगी उसके 100 गुना कर सरकार गांव के विकास में राशि प्रदान करेगी। मगर इस बैक के शुभारंभ होने के बाद आज तक इस बैंक के बारे में न तो लोगों के पास कोई जानकारी प्राप्त हुई और यहां तक बताया जात रहा है कि यह बैक योजना मात्र एक गांव में शुभारंभ होने के बाद सिथिल सी हो जाने से यह जान पड़ रहा है कि मात्र औपचारिकता तक ही सीमित हो गई है।



## जिला पंचायत अधिकारी ने साईखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किया तालाब सहित अन्य निर्मण कार्यों का अवलोकन


**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**



जब जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय समय पर अपने अधिनस्थ रहने वाले विभागों व कार्यालयों में पहुंचकर उनका निरीक्षण किया जाता है तो निश्चित ही कार्यो में कसाबट देखने मिलती है। इसी के चलते बीते हुये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दलीप कुमार ने जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोदरी, निवारी और खिरिया में अचानक पहुंचकर यहाँ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभियान से जुड़ी विभिन्न जानकारी ली और संबंधित अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद, मैदानी स्तर का अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे। वही निरीक्षण के दौरान यहां मौजूद हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि इन संरचनाओं का उपयोग हितग्राही मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन जैसे कार्यों के साथ खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। वही इसका लाभ यह है कि जल संरक्षण से खेती को पर्याप्त पानी मिलेगा और भू- जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी। इस दौरान उन्होंने यहाँ मौजूद स्थानीय अमले को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरचनाओं का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए।

खबर संक्षेप

## जमकर बरसे बदरा, किसानों के चेहरे पर बिखरी खुशियां



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। बुधवार को जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय 2 घंटे जमकर बारिश हुई। तेज बारिश से होने से नदी नालों में जहां उफान पर आ गए वहीं नगर की निचली बस्तियों में जल जमाव हो जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 4 बजे के आसपास मौसम में बदलाव के साथ तेज बिजली चमकने व बादलों की गर्जना के साथ डेढ़ से 2 घंटे तक तेज बारिश होती रही। झमाझम बारिश से मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा है। लगातार बिजली गरजने से कई जगह लाइटिंग व तार टूटने से बिजली भी बंद हुई जो की 2 घंटे तक अवरुद्ध रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के निचली बस्तियों में अस्त व्यस्त हो गया। नाली जाम होने से सड़कों के ऊपर पानी बहता रहा साथ ही लोगों के घरों में भी पानी भर गया। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण किसानों के चेहरे में चमक भी देखने को मिल रही है खेती किसानी का कार्य भी तेजी से प्रारंभ हो गया है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक बारिश ज्यादा हो चुकी है।

## जिला चिकित्सालय को उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने सोमवार को नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय अनूपपुर को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान किये जाने पर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र से सम्मानित किया। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस.आर. परस्ते एवं अस्पताल प्रबंधक डॉ. जनमेजय शाक्य ने यह पुरुस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के एनक्यूएएस, लक्ष्य व मुस्कान कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय को दिया गया है। जिला चिकित्सालय अनूपपुर को मिले इस पुरुस्कार के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि एनक्यूएएस, लक्ष्य तथा मुस्कान कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र मिलना गौरव की बात है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

### शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का लिया जायजा

# कलेक्टर ने किया बजाग विकासखंड के शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड बजाग के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियोंए बच्चों की उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला बरगांवए शासकीय प्राथमिक शाला भोकाडोंगरीए सीएम राइज विद्यालय सुकुलपुरा और शासकीय बालक प्राथमिक शाला गाडासरई का दौरा किया।कलेक्टर ने विद्यालयों में बच्चों से वन.टू.वन संवाद कर उनकी पढ़ाई और सीखने की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएए जिससे छात्र नियमित रूप से स्कूल आएं और शिक्षा स्तर में सुधार हो। प्राथमिक शाला सुकुलपुरा और भोकाडोंगरी के प्रभारी शिक्षक श्री उदयवीर सिंह ठाकुर को विशेष निर्देश दिए गए कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित प्रयास करें।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला बरगांव में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और मेनू के अनुरूप भोजन न मिलने की शिकायत पर कलेक्टर ने लक्ष्मी स्व.सहायता समूह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं कुछ विद्यालयों में जलसंकट की समस्या सामने आने पर पीएचई विभाग को स्कूल परिसर में स्थापित बोरवेल की मरम्मत कर तत्काल जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।सीएम राइज विद्यालय सुकुलपुरा में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। इस पर संकुल प्राचार्य एवं बीईओ बजाग को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि शिक्षा का स्तर सुधारना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को शीघ्र दूर किया जाएगा और विद्यालयों की नियमित निगरानी जारी रहेगी।



# जनपदों में 25 से 27 जून तक होगा जलदूत प्रशिक्षण कार्यक्रम





### गांव.गांव पहुंचकर जल संरक्षण का संदेश देंगे जलदूत

**डिंडौरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ष्जलदूतोंष का प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 से 27 जून तक जनपद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। ये जलदूत वे जागरूक नागरिक हैंए जिन्होंने 'श्माय भारत पोर्टलश' के माध्यम से स्वेच्छा से जल संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है।इस कड़ी में डिंडौरी जिले के अमरपुर और शहपुरा जनपदों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुएए जिनमें पंजीकृत जलदूतों ने भाग लिया। जनपद पंचायत सभागृह अमरपुर में आयोजित सत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री लोकेश नारनोरेए एपीओ श्री संजय उइके एवं सहायक यंत्री श्रीमती प्रियंका ने जलदूतों को अभियान के उद्देश्यए महत्व और उनके दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी।इसी तरह शहपुरा जनपद में आयोजित प्रशिक्षण में सीईओ श्री अरविंद बोरकर और एपीओ श्री राम मिलन रावत ने जलदूतों से संवाद करते हुए उन्हें जल संरक्षण के वैज्ञानिक और व्यवहारिक उपायों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान जलदूतों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गांवों में किए जा रहे अभिनव प्रयासों की जानकारी दी।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण की सामुदायिक भावना को मजबूत करना है। प्रशिक्षित जलदूत अब अपने.अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को जल संचयनए भूजल पुनर्भरणए वर्षा जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के प्रति जागरूक करेंगे। जलदूतों के ये प्रयास न केवल स्थानीय जल संकट को कम करने में सहायक होंगेए बल्कि एक स्थायी जल प्रबंधन संस्कृति को भी जन्म देंगे। जनपदों में जारी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 जून तक चलेगाए जिसमें जिलेभर के सैकड़ों जलदूतों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# डिंडोरी पुलिस को बड़ी सफलताः 4 किलो गांजा व मोटर साइकिल जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**डिंडोरी।** प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत डिंडोरी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर 4 किलोग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। इस कार्यवाही में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक डिंडोरी श्रीमती वाहनी सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को सतत एवं ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध शहपुरा मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की।

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम डूंगरिया मालपुर निवासी बाबूलाल झरिया पिता फुदरैया झरिया ;उम्र 48 वर्षद्ध के घर ;गाय बांधने की जगहद्ध पर दबिश दीए जहां से करीब 4 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में बाबूलाल ने बताया कि यह गांजा बिलगांव निवासी टाकेश्वर साहू द्वारा लाया गया था।सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टाकेश्वर साहू पिता आशाराम साहू ;उम्र 47 वर्षद्ध को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के पास से कुल 4 किलोग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की गईए जिसकी बाजार कीमत लगभग 70ए000६. आंकी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनुराग जामदार के साथ उप निरीक्षक मनीराम मरावीए सहायक उप निरीक्षक रूक्मणी पासीए आरक्षक अभिषेक पांडेए दीपक वर्माए भारत कुशवाहए मांगेलाल सोलंकीए लोकेंद्र भदौरिया एवं चालक आरक्षक तुलसीदास यादव की सराहनीय भूमिका रही।डिंडोरी पुलिस की इस कार्यवाही से मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# एकलव्य विद्यालय व तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

25 जून को राष्ट्र में आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले में भी विविध गतिविधियों और कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें व्याख्यान, डिबेट्स, निबंध प्रतियोगिताएं तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए गए। एकलव्य विद्यालय तथा तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रमजिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तथा प्रधानमंत्री एक्सीलेंस तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में आपातकाल की स्थितियो की याद करते हुए लोकतंत्र और संविधान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला गया लोकतंत्र का महत्व विषय पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**मंगलवार की रात कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत वार्ड नंबर 9 बिहारी कॉलोनी के पास जैतहरी से अनूपपुर की ओर आने वाली रेलवे लाईन के किनारे एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव स्टेशन मास्टर अनूपपुर की सूचना पर कोतवाली पुलिस अनूपपुर द्वारा बरामद कर प्रारंभिक कार्यवाई कर अज्ञात युवक के शव को जिला अस्पताल अनूपपुर के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाया गया है।**

मृतक युवक काला तथा कत्था रंग का टी-शर्ट,काले रंग का फुल पैन्ट पहना है पास में एक छोटा बैग मिला है मृतक के जेब से पहचान की सामग्री नहीं मिली है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात मृतक युवक किसी ट्रेन से यात्रा करते समय नीचे गिर गया होगा जिसके सिर तथा मुंह में गंभीर चोट आने पर स्थल पर मृत्यु हो गयी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात मृतक की पहचान, पता तलाश करते हुए आम जनो से भी अज्ञात युवक के सम्बन्ध में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस को दिए जाने की अपील की है।

# कलेक्टर ने किया उपस्वास्थ्य केन्द्र गाडासरई का औचक निरीक्षण

### स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का लिया जायजाए मॉनसून जनित बीमारियों पर सतर्कता के निर्देश

**डिंडौरी।** जिले की कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत संचालित उपस्वास्थ्य केन्द्र गाडासरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धताए दवाओं के वितरण तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा का गहन अवलोकन किया। उपस्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉण चन्द्रशेखर ने कलेक्टर को केन्द्र की गतिविधियों और चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने दवा भंडारणए रोगवार उपलब्ध दवाओं की स्थितिए ओपीडी संचालन और डॉक्टरों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र को नियमित रूप से समय पर खोलने के सख्त निर्देश दिए और आमजन को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डॉक्टर कक्षए ओपीडीए दवा वितरण कक्षए पैथोलॉजीए इंजेक्शन कक्षए पर्ची काउंटर एवं प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और लैब तकनीशियन से मरीजों की प्रकृति से संबंधित जानकारी ली। डॉक्टर ने बताया कि वर्तमान में डायरियाए खांसी.जुकामए बुखारए सर्पदंशए बीपीए शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीज आ रहे हैं।कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्पदंशए संक्रामक रोगए डायरिया तथा अन्य गंभीर बीमारियों के त्वरित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित साफ.सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगनए खाद्य निरीक्षक नितिन जयसवालए तहसीलदारए सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री शानू चौधरीए कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसियाए डीपीसी रावेन्द्र मिश्राए डॉण संतोष परस्तेए कार्यपालन यंत्री पीएचईए कार्यपालन यंत्री आरईएसए सीईओ जनपद पंचायत बजाग एमएल धुर्वेए जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नशा मुक्त भारत के लिए विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की संख्या में शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जैतहरी विकासखंड ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल तथा प्राचार्य कमलेश राठौर तथा विद्यालय शिक्षकों के उल्लेखनीय सहयोग से विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का संदेश देने मानव श्रृंखला बनाकर हम सब ने ठाना है नशा मुक्त भारत बनाना है जैसे प्रेरक नारे लगाकर नशा के विरुद्ध जन जागरूकता का संदेश दिया।एकलव्य विद्यालय में कल होगा समापन कार्यक्रमराज्य शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप माह भर चले नशा मुक्त भारत अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत समापन कार्यक्रम 26 जून को एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विविध जन जागरूकता गतिविधियों मे उत्कृष्ट योगदान के लिए सहयोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।*

### जिले में 46 शिविरों के माध्यम से नागरिक हुए लाभान्वित

# कलेक्टर ने आयोजित होने वाले शिविरों में भाग लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन जिले के समस्त जनपदों में किया जा रहा है। यह शिविर शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत अनूपपुर में कुल 15 शिविरों का आयोजन हुआ, जिसमें 13,370 हितग्राही सम्मिलित हुए। शिविरों के माध्यम से 348 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य, 907 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, 56 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इसी तरह जनपद पंचायत जैतहरी में 14 शिविर आयोजित हुए, जिनमें 16,838 नागरिकों ने भाग लिया। शिविरों के माध्यम से 318 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य, 2 जाति प्रमाण पत्र, 350 आयुष्मान कार्ड, 89 किसान क्रेडिट कार्ड, 8 खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनाए गए तथा 226 लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। जनपद पंचायत कोतमा में 9 शिविरों में 4,400 नागरिकों ने भाग लिया। शिविरों के माध्यम से 372 आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए तथा 238 आयुष्मान कार्ड, 17 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इसी प्रकार जनपद पुष्पराजगढ़ में 8 शिविरों में 2,751 लोगों की सहभागिता रही। शिविरों के माध्यम से 153 आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए तथा 2908 आयुष्मान कार्ड, 73 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इस प्रकार अनूपपुर जिले में कुल 46 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 37,359 नागरिकों ने सहभागिता की। इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन, जनपद पंचायतों, विभिन्न विभागीय अमलों तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।



### आज इन स्थानों में आयोजित होंगे शिविर

पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछडी जनजाति (बैगा) समुदाय को संचालित शासकीय योजना से लाभान्वित करने जिला प्रशासन द्वारा जारी शिविर कैलेंडर के अनुसार 26 जून को जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सड्डी, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत थानगांव, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलना में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगवां में तथा नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड 12, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नंबर 05, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 05, नगर परिषद जैतहरी के वार्ड नंबर 05 में, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 05 में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शोकाकुल परिवार में पहुंचे श्री तन्खा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा का नगर आगमन हुआ। जहां पर सेठ स्व. श्री मनोहर लाल साहू निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की एवं उनके पुत्र द्वय मयंक मनोहर, मिलिन्द मनोहर सहित परिवार को ढांढस बंधाया। ज्ञात हो कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सेठ स्व. श्री मनोहर लाल साहू का 20 जून को देवलोक गमन हो गया है।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, अश्लीली वीडियो बनाकर ऐंठे रूपए

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र तेंदूखेड़ा निवासी महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित शिकायती आवेदन देकर आरोपियों विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि उसकी शादी वर्ष 2015 में हुई पति की मृत्यु के बाद वह दो बच्चों व वृद्ध सास के साथ रहती है। इस दौरान आशीष कुशवाहा नाम के व्यक्ति द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियो बना दिया वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर ढाई लाख रूपए भी ऐंठ लिए और पैसों की मांग भी की गई मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिसकी शिकायत करने थाना जाते समय भी आशीष कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा, टीकाराम कुशवाहा और पुरूषोत्तम ठाकुर द्वारा धमकी दी गई तथा रोका गया तब पीड़िता छुपकर नरसिंहपुर पहुंची और पुलिस अधीक्षक से शिकातय की कार्रवाई की मांग की गई।

### जिले में अब तक 109.2 मिमी वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में एक जून से 25 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 109.2 मिमी अर्थात 4.29 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 25 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 8.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 3 मिमी, गाडरवारा में 23 मिमी, गोटेगांव में 6 मिमी, करेली में 3 मिमी और तेंदूखेड़ा में 7 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 111 मिमी, गाडरवारा में 74, गोटेगांव में 99 मिमी, करेली में 92 मिमी और तेंदूखेड़ा में 170 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 40.80 मिमी अर्थात 1.61 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 31 मिमी, गाडरवारा में 79 मिमी, गोटेगांव में 62 मिमी, करेली में 7 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 25 मिमी वर्षा हुई थी।

### बच्चे को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खेत में खेल रहे बच्चे को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमर पिता मोहन कोल उम्र 11 वर्ष शहडोल सिंहपुर थाना स्टेशनगंज अपने परिजनों के साथ खेत पर गया हुआ था तभी सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लूनावत पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना मे दो लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त सड़क दुर्घटना में रामवीर पिता रामवीर जाटव उम्र 36 वर्ष निवासी बरीपुरा जिला धौलपुर एवं मुईन खोखर पिता अहमद हुसेश उम्र 35 वर्ष निवासी भीकमगांव जिला खरगौन उक्त घटना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### जांच के नाम पर 10 माह से लटका मामला

# नेतागिरी पर अफसरशाही पड़ रही भारी

**जिपं अध्यक्ष की शिकायत पर, सीईओं ने गठित की थी टीम**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

**जिले में नेतागिरी पर अफसरशाही पूरी तरह हावी नजर आ रही है। वही जिले मे भाजपा सरकार के दो मंत्री होने के बाद भी प्रशासन द्वारा उन्हे आड़े हाथों लिया जा रहा है। प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों पर नेता का कोई जोर चलता नजर नही आ रहा है। हालात ये हो चुके है कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने लेटर पेड पर लिखित शिकायत देकर ग्राम पंचायत मे हुए निर्माण कार्यो की जांच कराने की बात कही गई। लेकिन जांच टीम गठित होने के बाद ना तो कोई जांच होती है और ना ही कोई परिणाम सामने आया जब जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत का यह आलम है तो अन्य जिले वासियों की शिकायत पर क्या होगा अंदाजा लगाया जा सकता है।**






#### मामला इस प्रकार

वर्ष 2024 मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा द्वारा अपने लेटर पेड पर पत्र क्रमांक 306/24 दिनांक 17 सितंबर 2024 के माध्यम से ग्राम पंचायत बिचुआ जनपद पंचायत नरसिंहपुर की शिकायत दी गई। जिसकी शिकायत प्राप्ती क्रमांक 2829 है शिकायत के बाद मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया उक्त संबंध में कुछ दिनों तक चर्चा रही के मामले को लेकर सी ई ओ जिला पंचायत द्वारा जांच टीम गठित की गई है लेकिन जांच मे क्या हुआ या फिर जांच नही की गई कुछ अता पता नही चला। वही ग्रामीणों की माने तो ना तो कोई अधिकारी कर्मचारी जांच के लिए आया और ना ही कोई वैद्यानिक कार्रवाई की गई।

#### दस माह से धूल खा रही फाइन

ग्राम पंचायत बिछुआ में विकास कार्यों के नाम किए गए भ्रष्टाचार के संबंध मे जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकयत के बाद निर्माण कार्यों की जांच के लिए सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार द्वारा एक टीम गठित की गई जिसमें सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (मनरेगा) जिला पंचायत नरसिंहपुर और जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षड़ जिला पंचायत नरसिंहपुर को जांच टीम में शामिल किया। लेकिन जांच दल द्वारा जिला पंचायत सीईओ के आदेश को मजाक बना कर 10 महीने तक फाइल दबा दी गई। जिला पंचायत कार्यालय में धूल खा रही है। लेकिन अभी तक शिकायत की जांच की शुरुआत नहीं हो पाई है। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में भेजे गए राशि का दुरुपयोग कर पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा समस्त निर्माण कार्यों की भ्रष्टाचार किए जाने के संबंध में शिकायत हुई थी। लेकिन आज दिनांक तक 10 महीने बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत अधिकारी सीईओ द्वारा टीम गठित कर 7 दिवस के अंदर जांच करके प्रस्तुत कर का आदेश दिया गया था परंतु जांच करने के बजाय जाँच दबी पड़ी है।

#### मजाक बना अधिकारी का आदेश

उक्त शिकायत को लेकर जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच टीम बनाकर सात दिन मे जांच रिपोर्ट सौंपने की बात कही गई थी लेकिन जांच टीम मे शामिल कर्मचारियों द्वारा अधिकारी के आदेश को नजरअंदाज कर जांच नही की गई। वही सूत्रों की माने तो उक्त मामले मे पंचायत सचिव दिनेश गोस्वामी द्वारा नेताओं से मिलकर दखलअंदाजी कराई गई है। हालांकि उक्त बात को लेकर सोशल मीडिया पर इस प्रकार की टीका टिप्पणी हो रही है लेकिन पूरी तरह स्पष्ट नही है। कारण जो भी लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत पर सीईओं द्वारा पूरी तत्परता के साथ जांच नही कराई गई और ना ही कोई ठोस कार्रवाई की गई जिस लेकर लोगो द्वार कहा जा रहा है कि नेतागिरी पर अफसरशाही हाबी होती नजर आ रही है। उक्त मामले को लेकर आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा भी सूचना के अधिकार मे जानकारी मांगी गई थी जिस पर जानकारी नही दी गई। अब देखना होगा कि उक्त मामले मे जिला पंचायत सीईओ द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

#### इनका कहना है

उक्त मामले की ग्रामवासियों से प्राप्त शिकायतों के आधार शिकायत की गई थी जांच मे देरी क्यों की जा रही है यह प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का विषय है।

**श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा**

## शिक्षकों को दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन के निर्देशानुसार संचालक राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य एम एस खान के मार्गदर्शन म जिले कें पीएमश्री विद्यालय के शिक्षकों को दो विषयों 21 वी संेचुरी स्किल्स एवं सिटीजन स्किल्स पर आधारित दस दिवसीय प्रशिक्षण डाइट नरसिंहपुर में तीन चरणो में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले के पी एम श्री विद्यालय के 275 शिक्षक सहभागिता सुनिश्चित करेंगे प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 80 शिक्षक सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण प्रभारी डाइट व्याख्याता संजय शर्मा ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य एक है अथवा अनेक, यह शाश्वत है अथवा परिवर्तनशील, इसका संबंध व्यक्ति से अथवा समाज से, शिक्षा जीविकोपार्जन के लिए है अथवा मनुष्य को उदार एवं सुसंस्कृत बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए, राष्ट्रीयता अथवा अन्नार्राष्ट्रीयता इन दोनों में से किसको प्राथमिकता दी जावे। इन सभी समस्याओं के समाधान का आधार भित्र-भित्र देशों में समाज एवं राष्ट्र की युगीन मांगे, आवश्कताएं एवं स्थायी महत्व के मूल्य ही रहे हैं। डाइट व्याख्याता गोविंद बड़कुर ने प्रशिक्षण के दौरान पूर्ण व्यक्तित के विकास के लिए शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को शारीरक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक तथा परिवारिक दृष्टि से सुख-वैभव संपन्न कराना है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ललित दुबे, बलिराम अहिरवार, दीपक ठाकुर, श्रीमती अर्चना कहार के द्वारा प्रशिक्षण विषय पर रोचक, नवीन एवं ज्ञानात्मक जानकारी दी जा रही है। शिक्षक प्रशिक्षण में पीएमश्री अवधारणा और विषय वस्तु से परिचित हो रहे है। उक्त अवसर पर डाइट व्याख्याता लखन उपरेलिया, प्रहलाद पटेल, श्री वर्मा सहित मास्टर ट्रेनर एवं पी एम श्री विद्यालय के शिक्षको की उपस्थिति रही।

## वृक्षारोपण कर मनाया आपातकाल दिवस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष संविधान हत्या दिवस 25 जून को आपातकाल का काले दिन के उपलक्ष्य में आपातकाल के दौरान राष्ट्र रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान में भाजपा सिंहपुर मंडल द्वारा वैद्य बाबू के बगीचा में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक ने कहा कि 197 5 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल लगाकर लोगों को अधिकारों से वंचित किया था। मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र के विपरीत कार्य किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनंत दुबे, जिला कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला प्रभारी नीलकमल जैन, कार्यक्रम मंडल प्रभारी उपेंद्र महाजन, सुदर्शन वैद्य, लाल साहब जाट, प्रकाश जाट, प्रमेश शंकर शर्मा, विश्वेंद्र जाट, तोड़ल नामदेव, एस के चतुर्वेदी, रविंद्र जाट, महाकाल महाराज भगवानदास राय, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष कमलेश मलैया, जिला संयोजक भाजपा श्रीकांत श्रीवास्तव, सरपंच मिथलेश जाट, राम नेता, लक्ष्मसण सिंह, अजीत जाट लक्ष्मण वैष्णव, विजय चैधरी, संदीप जैन, मंडल महामंत्री सूर्य प्रकाश स्वामी, अमित मेहरा, सोनू पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपातकाल की 50वी बरसी: रोपे गये पौधे

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल की 50वीं बरसी पर स्थानीय मुसरान पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुखिया श्रीमती इन्द्रा गांधी द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु संविधान की हत्या कर देश भर में इमरजेंसी लागू की गई थी जिसमें भिन्न विचार धारा के निर्दोश लोगों को बिना किसी कारण के जेल में बंद किया गया एवं यातनाएं देकर प्रताणित किया किन्तु लोकतंत्र की रक्षा के लिए अडिग लोकतंत्र सेनानियों ने कांग्रेस की सामंतवादी नीतियों के सामने न झुकते हुए संविधान की रक्षा हेतु 19 महीनों तक कारावास काटा कांग्रेस द्वारा दी गई यातनाओं के दंश को लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिवारों ने भोगा है। इनके कठिन संघर्ष के कारण ही भारत में पुनः लोकतंत्र की स्थापना हुई ऐसे सभी लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को नमन करता हूं। वर्तमान मोदी सरकार ने इस दिन को सविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित करने का बड़ा कार्य किया है जिससे कि वर्तमान पीढ़ी व आने वाली पीढी कांग्रेस का चाल चरित्र चेहरा जान सके इसी के साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति वर्तमान पीढी की आस्था बढ़े। आपाताकल की 50वीं बरसी के अवसर पर कांग्रेस की प्रताणना झेलने वाले लोकतंत्र सेनानियों की याद में उनके परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया। तत्पश्चात मीसा बंदी परिवार सदस्य संध्या कोठारी, जनरल सिंह सरदार, अजय शर्मा, नीलकमल जैन, संदीप जैन, नीरज नेमा, गोलू राय का माला एवं शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मयंक जैन व आभार रचना वर्मा ने किया में कार्यक्रम संयोजक एवं जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, राघवेन्द्र जाट, पार्षद संतोष चैकसे, संजय नामदेव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने दिया ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा** विगत शनिवार को तेंदूखेड़ा में पाल समाज की बैठक संपन्न हुई।जिसमें तेंदूखेड़ा नगर समिति का गठन किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने एकमतेन निर्णय लेते हुए लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित करने एवं तेंदूखेड़ा में बने नए बस स्टैंड का नाम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम पर रखा जाए तथा पाल भवन का पुनर्निर्माण करने के संबंध में क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष ज्ञापन दिया। जिसमें बड़ी संख्या में अखिल भारतीय गडरिया महासभा के संगठन मंत्री राजू पाली महेश पाली सुरेश पाली बैजनाथ पाली पुरुषोत्तम पाली हरि सिंह पाली हरिचरण पाली संतोष पाली जानकी पाली प्रदीप कुमार पाली राजेंद्र पाली गोविंद पाली दीपक पाली प्रमोद पाली दीपेश पाली राहुल पाली मुकेश पाली देवेंद्र पाली राज पाली अंकित वाली देवेंद्र पाली संजय पाली सचिन पाली जितेंद्र पाली कलू पाली अशोक पाली हरि गोविंद पाली उपस्थित थे।



## यात्रा के दौरान बिगड़ी तबियत, डॉ. कुर्रे ने दिया उपचार

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** *गत दिवस पवन एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे मरीज की अचानक तबियत बिगड़ने की सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई। सूचना के आधार पर गाड़ी को नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर रूकते ही मरीज को उपचार दिया गया। डॉ आर आर कुर्रे द्वारा बताया गया कि मरीज को सांस लेने मे तकलीफ हो रही थी यात्री की गंभीर स्थिति देखते हुए नेबुलाइजेशन के द्वारा तत्काल इलाज दिया तथा मरीज को उपचार देकर आगे की यात्रा की सलाह दी गई।*

## शंकराचार्य महाराज के चातुर्मास व्रत महोत्सव संबंधी बैठक का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महा महोत्सव इस वर्ष नरसिंहपुर जिले के परम पावन तीर्थ क्षेत्र परमहंसी गंगा झोंतेश्वर में आयोजित होने जा रहा है। इस महामहोत्सव की दिव्यता भव्यता और आयोजन की रुपरेखा संबंधित बैठक नगर तेन्दूखेड़ा के हृदय स्थल रामरसिया हनुमान मंदिर दादा दरबार परिसर पुराना बस स्टैंड पर आयोजित की गई। जिसमें परमहंसी आश्रम से पधारे शंकराचार्य जी के प्रतिनिधि ब्रम्हचारी अचलानंद जी महाराज के सानिध्य में और चातुर्मास समिति के विशिष्ट पदाधिकारी आनंद तिवारी उपेन्द्र तिवारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। ब्रम्हचारी जी ने द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा स्थापित परमहंसी गंगा आश्रम झोंतेश्वर में संचालित संस्कृत विद्यालय शंकराचार्य कालेज गौशाला वृद्धाश्रम शंकराचार्य नेत्रालय आदि की विस्तृत जानकारी दी। चातुर्मास व्रत अनुष्ठान में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह आश्रम सभी सनातन धर्मावलंबियों का है। सभी लोग सपरिवार इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें। इसी श्रृंखला में नगर के प्रतिष्ठित विद्वान पं.वासुदेव बसेडिया आचार्य प्रमोद पचौरी पं राजकुमार दुबे आचार्य चन्द्रकांत चौबे पं शिवकुमार बसेडिया पं पूनम मिश्रा साहित्य कार शिक्षक नन्दकिशोर शर्मा तथा रजनीश जैन संतोष पटेल मुकेश पुजारी सहित नगर के प्रबुद्ध जनों ने अपने वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत वंदन किया। अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि यह हम सभी का बड़ा सौभाग्य है कि हमारी नरसिंहपुर जिले की माटी में जन्मे परम पूज्य अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का अपनी जन्म भूमि पर चातुर्मास व्रत अनुष्ठान है। सनातन परंपरा के सर्वोच्च आचार्य हैं। हमारे धर्म के स्तम्भ हैं। जगद्गुरु सभी के गुरु होते हैं। गुरु की महिमा संतों की महिमा सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए चातुर्मास में जिले की प्रतिभाओं और सांस्कृतिक मण्डलों के द्वारा सांस्कृतिक साहित्यिक आध्यात्मिक धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भी शंकराचार्य जी के प्रतिनिधि ब्रम्हचारी अचलानंद जी महाराज और समिति के सदस्यों से आग्रह किया। महाराज जी के द्वारा रामरसिया हनुमान जी का विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तेंदूखेड़ा ब्राह्मण समाज शंकराचार्य शिष्य मंडल रामरसिया भक्त मंडल हरसिद्धि भक्त मंडल गायत्री परिवार सभी व्यापारी राजनैतिक सामाजिक धार्मिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के साथ नगर के गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली गुल रखने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों



**तेंदूखेड़ा** बगैर किसी प्रभाव और अपनी मनमानी के लिए चर्चित विद्युत विभाग की अघोषित आंख मिचौली से हर वर्ग परेशान बना ही हुआ है। वहीं जबरन लोड सेटिंग बढ़ाने फर्जी प्रकरणों को लेकर आम उपभोक्ता परेशान देखा जा रहा है। उपभोक्ता जनप्रतिनिधियों के पास पहुंच कर अपनी व्यथा सुना रहे हैं और जनप्रतिनिधियों के बोलने के बाद भी अधिकारी सुधार की दिशा में समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। जिससे आम उपभोक्ताओं में लगातार रोष बढ़ता चला जा रहा है और किसी बढ़े आंदोलन का मन बना रहा है। गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर सुबह छ बजे से दोपहर 12 तक बिजली बंद रखने का फरमान जारी ही है। लेकिन स्थिति वही बनीं हुई है। अघोषित रुप से बिजली बंद कर दी जाती है जिससे बिजली पर आश्रित लगभग हर वर्ग परेशान हो रहा है।आम उपभोक्ताओं और कृषकों का कहना है कि बिजली की जितनी खपत हो रही है उसी हिसाब से हमारे बिजली के बिल आ रहे हैं लेकिन विसंगति यह बनीं हुई है कि अधिकारियों द्वारा जबरन लोड बढ़ाने के लिए घर घर जांच कराई जा रही है। चूंकि जितनी बिजली जलेगी उसी हिसाब से बिल भी आयेंगे लेकिन अधिकारियों को मिले टारगेटों को पूरा करने की मंशा से उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। विगत दिनों तेंदूखेड़ा में मेंटेनेंस हो जाने के बाबजूद भी दिन और रात्रि में अनेकों बार बिजली घंटों बिजली गुल हो जाती है। बिजली गुल होने के पीछे लाइन फाल्ट होना बताया जा रहा है। फिर कैसा मेंटेनेंस। स्तिथि यह देखने में आ रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा तहसील मुख्यालय की बिजली कटौती सबसे अधिक हो रही है।जिस कारण से आम उपभोक्ता परेशान देखा जा रहा है। बार बार लाइन फाल्ट होने के साथ हालात ज्यों के त्यों बनें रहने के पीछे एक और कारण निकलकर सामने आया है कि सामान की उपलब्धता ना होने इंसुलेटर की व्यवस्था ना होना जैसी समस्यायें बनीं हुई है। कर्मचारी भी हैरान परेशान बनें हुए हैं।24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। बरसात में भी काम कर रहे हैं।इनकी सुरक्षा को लेकर भी कोई उचित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के आम उपभोक्ताओं ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था में सुधार कराया जाये नहीं तो शीघ्र ही वृहद स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।